बिहार में जल्द खुलेगा फूड प्रोसेसिंग इंस्टीट्यूट

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री पशुपति कुमार पारस ने बिहार के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन के साथ बैठक के दौरान बिहार में फूड प्रोसेसिंग संस्थान **NIFTEM (National Institute of Food Technology Entrepreneurship and Management)** खोलने की बात कही।

प्रमुख बिंदु

- दिल्ली में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री पशुपति कुमार पारस और बिहार के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन के बीच हुई बैठक में प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना **(PMKSY)** के तहत बिहार में एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर्स की स्थापना के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत हुई।
- इस दौरान यह भी तय हुआ कि जल्द ही पटना में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय और उद्योग विभाग, बिहार सरकार के बीच उच्चस्तरीय बैठक होगी, साथ ही पटना में इस सेक्टर के बड़े उद्योगपतियों की मौज़ूदगी में एक फूड प्रोसेसिंग कॉन्क्लेव भी किया जाएगा।
- बिहार के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के तहत केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय की एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर्स योजना से बिहार के किसानों को बहुत लाभ हो सकता है। साथ ही फूड प्रोसेसिंग इकाईयों की स्थापना से बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर पैदा होंगे।
- एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर्स की स्थापना के लिये 10 एकड़ ज़मीन की ज़रूरत होगी और यहाँ 25 करोड़ रुपए या इससे ऊपर की लागत की कम-से-कम पाँच खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना का लक्ष्य होगा।
- योजना के मुताबिक हर एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर में राज्य और केंद्र मिलकर ज़रूरी इंफ्रास्ट्रक्चर, जैसे- सड़क, पानी, बिज़ली, ड्रेनेज, वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज, टेट्रा पैक, सोर्टिंग, ग्रेडिंग जैसी तमाम सुविधाएँ उपलब्ध कराएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/food-processing-institute-in-bihar